
# Hindustan Zinc Ltd Share jumps 5 percent after Silver Share price hit record high चांदी का भाव रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा, इस कंपनी के शेयरों में दिखी 5% से अधिक की तेजी, क्या है कनेक्शन, Business Hindi News

**livehindustan.com**/business/hindustan-zinc-ltd-share-jumps-5-percent-after-silver-share-price-hit-record-high-201756708365965.amp.html

Tarun Pratap Singh September 1, 2025



## अनिल अग्रवाल (Anil Agarwal) की सब्सिडियरी कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (Hindustan Zinc Ltd) के शेयरों में सोमवार को 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। 1 सितंबर को यह स्टॉक निफ्टी500 इंडेक्स के टॉप गेनर्स में से एक रहा है।

अनिल अग्रवाल (Anil Agarwal) की सब्सिडियरी कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (Hindustan Zinc Ltd) के शेयरों में सोमवार को 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। 1 सितंबर को यह स्टॉक निफ्टी500 इंडेक्स के टॉप गेनर्स में से एक रहा है। इसी के साथ हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के शेयरों में बीते 3 कारोबारी दिन से चली आ रही गिरावट पर रोक लग गया है। बता दें, बीएसई में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के शेयर 424.35 रुपये के लेवल पर ओपन हुए थे। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 443 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया था।

ये भी पढ़ें:
₹80 तक जाएगा यह चर्चित ग्रीन स्टॉक! 8 एक्सपर्ट्स बुलिश

## चांदी पहुंचा रिकॉर्ड हाई पर

इस माइनिंग कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह चांदी की कीमतों में उछाल है। चांदी का भाव घरेलू बाजार के साथ-साथ इंटरनेशनल मार्केट में एक बड़ी ऊंचाई पर बंद हुआ है। बीते एक महीने के दौरान सिल्वर की कीमतों में 5 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, एक साल में चांदी का भाव 35 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें, एमसीएक्स में भी चांदी का भाव आज रिकॉर्ड हाई पर है।

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड दुनिया की 5 सबसे बड़ी चांदी उत्पादन करने वाली कंपनियों में से एक है। हालांकि, वित्त वर्ष 2025 में चांदी का प्रोडक्शन नीचे गिर गया था। जोकि वित्त वर्ष 2026 में चांदी प्रोडक्शन कंपनी 700 टन तक हासिल कर सकती है।

ये भी पढ़ें:
एक्सपर्ट को उम्मीद 1000 रुपये के पार जाएगा यह सेमीकंडक्टर स्टॉक

## टेक्निकल पक्ष स्टॉक का कितना मजबूत

आज हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के 40 लाख शेयरों की खरीद और बिक्री हो चुकी है। जोकि 20-डे एव्रेज 6 लाख शेयर की तुलना में कहीं अधिक है। इसके साथ ही हिंदुस्तान जिंक ने 50-डे मूविंग एव्रेज को भी तोड़ दिया है।

हिंदुस्तान जिंक में प्रमोटर की कुल हिस्सेदारी 61.84 प्रतिशत की है। वहीं, जून तिमाही के अंततक सरकार के पास इस कंपनी का 28 प्रतिशत हिस्सा था।

(यह निवेश की सलाह नहीं है। शेयर बाजार जोखिमों के अधीन है। किसी भी निवेश से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह जरूर लें।)

जानें Hindi News, Business News की लेटेस्ट खबरें, शेयर बाजार का लेखा-जोखा Share Market के लेटेस्ट अपडेट्स Investment Tips के बारे में सबकुछ।